>

Title: Need to start Farbesganj airport under 'Udaan' Yojna.

श्री प्रदीप कुमार सिंह (अररिया): सभापति जी, जिस मौके पर आज मुझे बोलने का मौका मिला है, वह मेरे संसदीय क्षेत्र अररिया के लोगों के लिए बेहद लाभदायी और जनहित में होगा । मैं भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के सपने के बारे में बोल रहा हूं कि देश का आम नागरिक हवाई चप्पल पहन कर हवाई यात्रा कर सके । इसी सपने को हकीकत में बदलने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा 'उड़ान' कार्यक्रम के तहत विगत वर्ष की शुरूआत में ही फारबिसगंज हवाई अड्डे को पुन: शुरू करने की बात कही गई थी, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बावजूद भी अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है । विगत 58 वर्षों से जिले के इस हवाई अड्डे के जीर्णोद्धार की राह देख रहे हैं । मैं सीमांचल क्षेत्र से आता हूं । वर्ष 1962 में चीन और इंडिया का युद्ध हुआ था, तब वह हवाई पट्टी बनी थी । भारत की सुरक्षा की दृष्टि से भी मुझे लगता है कि चीन से हमारा जो शीत युद्ध चल रहा है, वह भारत की सुरक्षा की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण होगा और दरभंगा वहां से 200 किलोमीटर दूर है और बागडोगरा एयरपोर्ट भी 200 किलोमीटर दूरी पर है । 200 किलोमीटर की दूरी के बीच के लोग आसानी से माननीय प्रधान मंत्री जी के सपने के अनुसार यात्रा कर सकें, इसके लिए मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि जल्दी से जल्दी इस दिशा में कार्यवाही शुरू करें ।